ICANN85 मुंबई | CF – ICANN समुदाय को जानें: SSAC और ALAC
शनिवार, 7 मार्च 2026 – 16:30 से 17:30 IST

फर्नांडा इउनेस

नमस्कार और ICANN समुदाय SSAC और ALAC के बारे में जानने के कार्यक्रम में आपका स्वागत है, जिनके संक्षिप्त रूप के अर्थ हम कुछ ही मिनटों में जानेंगे। मेरा नाम फर्नांडा इउनेस है। मैं इस सत्र के लिए सहभागिता प्रबंधक हूं। कृपया ध्यान दें कि यह सेशन रिकॉर्ड किया जा रहा है और यह ICANN समुदाय के प्रतिभागी आचार संहिता, ICANN के अपेक्षित व्यवहार मानक और ICANN की समुदाय विरोधी उत्पीड़न नीति के तहत संचालित है।

कृपया सेशन में भाग लेने के लिए निम्नलिखित दिशानिर्देशों का पालन करें, जिन्हें मैं कुछ ही मिनटों में चैट में पोस्ट कर दूंगी। सत्र के दौरान, प्रश्न केवल तभी ज़ोर से पढ़े जाएंगे जब उन्हें सवाल-जवाब पॉड में सबमिट किया जाएगा। इस सत्र का अनुवाद अंग्रेजी, हिंदी और स्पेनिश भाषाओं में उपलब्ध होगा। यदि आप इस सत्र के दौरान बोलना चाहते हैं, तो कृपया Zoom में अपना हाथ उठाएँ। आवश्यकता पड़ने पर, Zoom में वर्चुअल प्रतिभागियों को अनम्यूट करने की अनुमति दी जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद प्रतिभागी बोलने के लिए वास्तविक माइक्रोफ़ोन का उपयोग करेंगे।

*नोट: ऑडियो फ़ाइल को word/text डॉक्यूमेंट में ट्रांसक्राइब करने से आगे दिया गया परिणाम मिलता है। हालांकि ट्रांसक्रिप्शन काफ़ी हद तक सटीक है, फिर भी कुछ मामलों में सुनाई नहीं देने वाले पैसेज और व्याकरण संबंधी गड़बड़ियों के कारण वह अधूरा या गलत हो सकता है। उसे मूल ऑडियो फ़ाइल की सहायक के रूप में पोस्ट किया गया है, लेकिन उसे आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं माना जाना चाहिए।*

सत्र के दौरान केवल सवाल-जवाब पॉड में पूछे गए प्रश्नों को ही समय की उपलब्धता के अनुसार और सत्र के अध्यक्ष के निर्देशानुसार जोर से पढ़ा जाएगा। कृपया रिकॉर्ड के लिए अपना नाम और यदि आप अंग्रेज़ी के अलावा कोई अन्य भाषा बोल रहे हैं तो उस भाषा का उल्लेख करें और मध्यम गति से साफ़-साफ़ बोलें। और इसी के साथ, मैं इसे सिरानुश को सौंपती हूँ।

सिरानुश वर्दान्यान

धन्यवाद, फर्नांडा। और एक बार फिर, आज के हमारे आखिरी सत्र में आपका स्वागत है। इस सत्र के दौरान, हम अपने लिए दो नए समुदायों के बारे में जानेंगे। एक है SSAC, जो सुरक्षा और स्थिरता सलाहकार समिति है और दूसरी है At-Large सलाहकार समिति, ALAC। और हम At-Large एंड यूज़र्स कम्युनिटी के बारे में भी जानेंगे। इसलिए हम SSAC, यानी सुरक्षा और स्थिरता सलाहकार समिति से शुरुआत करेंगे; और मुझे आपको SSAC के अध्यक्ष, राम मोहन और उपाध्यक्ष, तारा व्हेलन से परिचित कराते हुए अत्यंत खुशी हो रही है। इसलिए अब आपकी बारी है। हमें SSAC के बारे में बताएँ, आप क्या कर रहे हैं, नए सदस्य इसमें कैसे शामिल हो सकते हैं और उन्हें SSAC के बारे में क्या जानने की आवश्यकता है।

राम मोहन

धन्यवाद, सिरानुश। नमस्कार, शुभ संध्या, और रिमोट रूप से जुड़ने वाले सभी लोगों को शुभ दिन की शुभकामनाएं। मैं राम मोहन हूं, मैं ICANN सुरक्षा

और स्थिरता सलाहकार समिति (SSAC) का अध्यक्ष हूँ और अपने जन्म देश में आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। नमस्कार और आप सभी का स्वागत है। यहां आकर अच्छा लग रहा है।

इसलिए, पृष्ठभूमि के तौर पर बता दें कि SSAC क्या है। आपमें से बहुत से लोग नए हैं; आपमें से कुछ तो SSAC की स्थापना के समय पैदा भी नहीं हुए थे। और SSAC के गठन का कारण यह था कि उस समय एक ऐसी घटना घटी थी, जिसके बारे में आप में से कुछ लोगों ने शायद केवल इतिहास की किताबों में पढ़ा होगा, जिसे कहा 9/11 जाता है। जब अमेरिका में बम धमाके हुए और कई इमारतें और अन्य चीजें नष्ट हो गईं और लोग मारे गए, तो अचानक यह एहसास हुआ: क्या होगा अगर ऐसा ही इंटरनेट के साथ हो जाए? अगर इंटरनेट बंद हो जाए तो क्या होगा? उसकी सुरक्षा और स्थिरता की निगरानी कौन कर रहा है?

इसलिए ICANN में हमने इस बारे में बातचीत की। इसलिए अगर आप अगली स्लाइड पर जाएँ, तो आप देखेंगे कि ICANN का मिशन ही इंटरनेट की विशिष्ट पहचान प्रणाली के स्थिर और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करना है। यह इसके नियमों और इसके मिशन में निहित है। इसीलिए हमने SSAC का गठन किया, ताकि वह ICANN समुदाय और बोर्ड को उन विषयों पर सलाह दे सके जो सुरक्षा और नामकरण व पता आवंटन प्रणालियों यानी पहचानकर्ता प्रणालियों

की अखंडता के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसलिए यही हमारा मूलमंत्र है; यही हमारा मुख्य लक्ष्य है।

और अगली स्लाइड में, आप देखेंगे कि हमारी जिम्मेदारियां क्या हैं। हम इंटरनेट तकनीकी समुदाय के साथ जुड़ते हैं। हम जोखिमों और खतरों का विश्लेषण करते हैं। हम नामकरण और पता आवंटन सुरक्षा के लिए जिम्मेदार संस्थाओं के साथ समन्वय करते हैं। हम ICANN बोर्ड के साथ-साथ ICANN समुदाय को भी सूचित करते हैं। और हम ICANN समुदाय और बोर्ड को सलाह देते हैं और हमारी सिफारिशें सुरक्षा आकलन और परिचालन संबंधी जानकारियों पर आधारित होती हैं।

आपको यह जानना चाहिए कि हम एक सलाहकार समिति हैं। सलाहकार समिति होने का क्या अर्थ है? ICANN की दुनिया में इसका मतलब यह है कि हमारे पास कोई औपचारिक शक्ति नहीं है। हमारे पास वोट नहीं हैं। हमें जो कहना है, वह कहने का अधिकार है, और जिन लोगों को हम अपनी सलाह और सिफारिशें देते हैं, वे चाहें तो उसे मानें या न मानें। और इसी कारण, जब हम रिपोर्ट प्रकाशित करते हैं और अपना काम करते हैं, तो हम यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत मेहनत करते हैं कि हमारे द्वारा कही गई बातों के पीछे ठोस तथ्य, पर्याप्त विवरण और प्रमाण हों, ताकि जब हम बोर्ड या समुदाय को कोई सिफारिश दें जैसे कि "आपको यह करना चाहिए" या "आपको इस पर विचार

करना चाहिए", तो यह बिल्कुल स्पष्ट हो कि अगर ऐसा नहीं किया गया, तो यह एक बड़ी गलती हो सकती है।

इसलिए हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करते हैं कि हमारे पास न वोट है और न ही औपचारिक शक्ति, लेकिन यही हमारी ताकत बन जाती है, क्योंकि यह हमें अपने काम में और अधिक सावधानी और उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रेरित करती है। इसका मतलब यह है कि हमारी गुणवत्ता उसी पर निर्भर करती है कि हम कैसी रिपोर्ट देते हैं और कैसी सलाह प्रदान करते हैं। इस तरह यह हमारे लिए एक तरह का अंतर्निहित जवाबदेही तंत्र बन जाता है।

अगली स्लाइड। हम कौन हैं। हम एक समूह के रूप में लगातार अधिक विविध होते जा रहे हैं। हम अभी भी SSAC के पारंपरिक पुराने सदस्यों से प्रभावित हैं, इसलिए हममें से कई लोग उत्तरी अमेरिका से हैं, वहीं बहुमत है, फिर हमारे पास यूरोप से भी कई लोग हैं। हम एशिया-प्रशांत ऑस्ट्रेलिया क्षेत्र में और साथ ही अफ्रीका क्षेत्र से भी अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं, इसलिए हम अभी इसकी शुरुआत कर रहे हैं। और हम लैटिन अमेरिका और कैरेबियन क्षेत्र में अपनी सदस्यता बढ़ाने में विशेष रुचि रखते हैं। इस समय हमारा कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं है। हमें इसकी जानकारी है। यह जागरूकता की कमी के कारण नहीं है, बल्कि हमारा ध्यान केवल औपचारिकता निभाने और यह कहने पर नहीं है कि हमारे पास दुनिया के हर हिस्से से प्रतिनिधित्व है।

हमारा ध्यान ऐसे लोगों को शामिल करने पर है जो अपने तकनीकी क्षेत्र में, खासकर सुरक्षा और स्थिरता के क्षेत्र में, वास्तव में विशेषज्ञ हों और फिर यह सुनिश्चित करना कि वे समिति का हिस्सा बनें। इसलिए सबसे पहली बात यह है क्या आप वास्तव में उस तकनीकी क्षेत्र, विशेष रूप से सुरक्षा और स्थिरता में उत्कृष्ट हैं? अगर आप बेहतरीन हैं, तो हम यह देखेंगे कि क्या आप ऐसे क्षेत्र से आते हैं जहाँ हमारी उपस्थिति कम है।

अगली स्लाइड। यह हमारी लीडरशिप टीम है। मैं राम हूं, मैं समिति का अध्यक्ष हूं। मेरे दाहिनी ओर बैठी तारा उपाध्यक्ष हैं। जिम गैल्विन हमारे बोर्ड के संपर्क प्रतिनिधि हैं और वे इस समय बोर्ड सत्रों में मौजूद हैं। मेरे बाईं ओर बैठे जेफ़ बेज़र लीडरशिप टीम में हैं। बैरी लीबा, मुझे नहीं पता कि वह इस कमरे में मौजूद हैं या नहीं, लेकिन वह लीडरशिप टीम के एक और सदस्य हैं। और फिर, ICANN की नीतिगत सहायता टीम से हमारे पास कार्लोस और डेनिएल, कैथी, डैन और माइकल हैं। इस तरह हम सभी मिलकर SSAC के लीडरशिप का गठन करते हैं।

लेकिन हमारी लीडरशिप इस अर्थ में हैं कि हम प्रशासनिक भूमिका निभाते हैं। इसलिए हम यह दिशा तय करने में लीडरशिप प्रदान करते हैं कि SSAC को किस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, लेकिन SSAC के वास्तविक काम SSAC के सदस्य ही करते हैं। इसलिए मैं जल्दी से यहाँ मौजूद SSAC के सदस्यों से अनुरोध करूंगा कि कृपया हाथ उठाएँ, ताकि आप देख सकें कि SSAC में कौन-

कौन शामिल हैं। यहाँ SSAC के कई सदस्य मौजूद हैं, इसलिए अगर आपके कोई सवाल हों तो इस मीटिंग के बाद आप उनसे जाकर बात कर सकते हैं। हमारा बुधवार को एक ओपन माइक्रोफोन सेशन भी है। उस ओपन माइक सेशन में आइए। आप हमसे कुछ भी पूछ सकते हैं; हम कुछ सवालों के जवाब जरूर देंगे।

अगली स्लाइड। हमारे लिए वास्तव में पाँच ऐसे विषय हैं जो मुख्य आधार की तरह हैं। ये वे विषय हैं जिनमें हम विशेषज्ञ बनने के लिए काम करते हैं: DNS का दुरुपयोग, नए gTLD, DNSSEC, वैकल्पिक नेमस्पेस। हम इसे 'वैकल्पिक नेमस्पेस' कहते हैं, लेकिन इसमें वास्तव में नई तकनीकी क्षेत्रों को भी शामिल किया जाता है जैसे ब्लॉकचेन, AI में हो रहे बदलाव और पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफ़ी; ये सभी इस चौथे क्षेत्र में आते हैं। और पाँचवाँ क्षेत्र इंटरनेट प्रशासन से जुड़ा है, जिसमें इंटरनेट प्रशासन की सुरक्षा, स्थिरता और लचीलापन से संबंधित पहलू शामिल होते हैं। इस प्रकार ये पाँच ऐसे क्षेत्र हैं, जिन पर हम लगातार ध्यान केंद्रित करते हैं और जिन पर हम अपना समय और ऊर्जा लगाते हैं।

और हमारी इच्छा यह है कि ICANN समुदाय के भीतर जब भी इन पाँच विषयों में से कोई सामने आए और वह सुरक्षा व स्थिरता से जुड़ा हो, तो समुदाय यह पूछे—"SSAC इस बारे में क्या सोचता है?" या "क्या SSAC ने इसके बारे में

लिखा है? क्या इस पर SSAC का कोई नज़रिया है?" इसलिए हमारा लक्ष्य इन पांच क्षेत्रों में विशेषज्ञ बनना है।

अगली स्लाइड। हमने अपने पच्चीस वर्षों की मौजूदगी के दौरान एक सौ तीस से अधिक रिपोर्टें लिखी हैं। लेकिन उनमें से कुछ यहां ऐसी भी हैं, जो हमने आपकी जानकारी के लिए रखी हैं। जैसा कि आप देख सकते हैं, इनमें से कई का संबंध DNS सुरक्षा से है। हमारे पास DNS मैनेजमेंट, रजिस्ट्रेशन डेटा, डेटा की सटीकता और डेटा मॉडल पर बहुत सारी सामग्री है। और हमने अंतरराष्ट्रीय डोमेन नामों, IDN, रूटिंग सुरक्षा और ओपन-सोर्स सॉफ़्टवेयर पर भी बहुत काम किया है। इसलिए हमारी रुचियां विविध हैं। हम इन रिपोर्टों को प्रकाशित करते हैं।

अब, हमारी रिपोर्टें कई पेज की होती हैं और अक्सर काफी तकनीकी होती हैं। इसलिए, वहां मौजूद रिपोर्टों के अलावा, यदि आप ICANN साइट के ऊपर SSAC वेबसाइट पर जाते हैं, तो आप देखेंगे कि वास्तविक तकनीकी रिपोर्टों के अतिरिक्त, हमारे पास पांच सौ शब्दों का एक सारांश भी है जो सामान्य, सरल अंग्रेजी में लिखा गया है, जिसमें ऐसे बहुत सारे संक्षिप्त रूप और मुश्किल तकनीकी शब्दावली नहीं है, जिन्हें ICANN में भाग लेने के लिए आपको पहले से पता होना ज़रूरी माना जाता है। इसलिए हम वास्तव में यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि हम जो काम करते हैं वह समुदाय में सभी के लिए सुलभ हो।

और आखिरी स्लाइड में, सबसे हाल ही की वे चीज़ें हैं, जो हमने की हैं: SAC132 वाकई इस वास्तविकता के बारे में है कि डोमेन नाम सिस्टम, DNS, फ्री और ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर पर चलता है। और इसका क्या मतलब है कि DNS फ्री और ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर पर चलता है? इसके क्या निहितार्थ हैं? इसलिए हमने इस विषय पर एक रिपोर्ट लिखी है और यह विशेष रूप से सरकारों में नियामकों के लिए है क्योंकि हमने कुछ सरकारों को यह कहते हुए देखना शुरू कर दिया है, "ओह, आप जानते हैं, ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर का कुछ मतलब होता है," और हम यह बताने की कोशिश कर रहे हैं, "इसका वास्तव में यही मतलब है," ताकि उनके पास एक ऐसा संदर्भ हो, जिसका वे उपयोग कर सकें।

SAC131, रूट सर्वर सिस्टम गवर्नेंस: रूट सर्वर सिस्टम के संचालन के तरीके में कुछ स्वागत योग्य बदलाव, सकारात्मक बदलाव किए गए हैं। इसलिए हमें कुछ ऐसी टिप्पणियां मिली हैं जो इसे प्रोत्साहित करती हैं, लेकिन साथ ही इस क्षेत्र में और भी अधिक काम करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। हमें SAC130 पर कुछ टिप्पणियां मिली थीं। आपमें से कुछ लोग शायद जानते होंगे कि gTLD का एक नया दौर शुरू होने वाला है। और हमारे पास इस दौर को अधिक स्थिर, अधिक सुरक्षित बनाने के तरीके पर कुछ सुझाव हैं, खास तौर पर जब नाम टकराव नामक एक विशिष्ट तकनीकी क्षेत्र की बात आती है। तो हमारे पास विशिष्ट सिफारिशें और कुछ सुझाव हैं।

इसलिए हमने उस क्षेत्र में काफी काम किया है। हम इस समय किस पर काम कर रहे हैं? हमारी वे छह चीजें हैं, जो हमारे पास हैं। पहला है DNS इकोसिस्टम में जिम्मेदार एकीकरण। इसे इस तरह से इसलिए लिखा गया है कि यह एक शानदार संक्षिप्त रूप बन सके: यह एक RIDE वर्क पार्टी है। लेकिन उदाहरण के लिए, बात यह है कि अगर ब्लॉकचेन इकोसिस्टम में आपके पास कुछ नाम हैं, तो वे चाहते हैं कि वे नाम DNS के साथ एकीकृत हो जाएं। अच्छा, बहुत बढ़िया, लेकिन अगर DNS की दुनिया में आपके पास डॉट-कॉम है, और ब्लॉकचेन की दुनिया में आपके पास डॉट-कॉम पहचानकर्ता है, तो आप यह कैसे सुनिश्चित करेंगे कि उनके बीच कोई टकराव न हो? आप इसे जिम्मेदार कैसे बनाते हैं?

दूसरी चीज़ DNSSEC पर है। जिन लोगों को इसके बारे में जानकारी नहीं है, उनके लिए बता दें कि DNSSEC एक मूलभूत सुरक्षा प्रोटोकॉल है, जो डोमेन नामों की सुरक्षा में मदद करता है। जब आप किसी वेबसाइट पर किसी डोमेन नाम पर क्लिक करते हैं, तो एक खतरा यह होता है कि आपके इस पर क्लिक करने और अंतिम गंतव्य तक पहुंचने के बीच, आपको हैक किया जा सकता है और आपको कहीं और ले जाया जा सकता है, बशर्ते कि उस नाम या gTLD को इस DNSSEC नामक तकनीक से साइन न किया गया हो। यदि इसे साइन किया गया है, और यदि आप इस पर क्लिक करते हैं, तो यदि कोई आपको हाइजैक करने की कोशिश करता है, तो यह हाइजैकिंग को रोक देगा। लेकिन इसे लागू करना एक जटिल तकनीक है, इसलिए हम इस पर शोध पत्र लिख रहे



ICANN 85 COMMUNITY FORUM

हैं कि यदि आप DNSSEC को लागू करना चाहते हैं, तो आपको किन चीजों के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है? आप इसे कैसे करते हैं? आपको किन-किन संसाधनों को जुटाने की आवश्यकता होगी?

हम AI पर भी काम कर रहे हैं। AI वास्तव में इंटरनेट पर होने वाले दुर्व्यवहार के तरीके को बदल रहा है, और इसलिए विशेष रूप से DNS दुरुपयोग के संबंध में, हमारे पास एक वर्क पार्टी है, जो विशेष रूप से इस बात पर केंद्रित है कि AI के उपयोग से DNS दुरुपयोग में किस प्रकार नाटकीय रूप से परिवर्तन हो रहा है। DNS पारदर्शिता पर हमारे पास एक वर्क पार्टी भी है, लेकिन इसे सरल शब्दों में समझाने का तरीका यह है कि हमारे कुछ सुरक्षा शोधकर्ताओं ने पाया है कि कुछ पक्षों ने ज़ोन फ़ाइलों के प्रकाशित होने की गति में मौजूद एक खामी का फ़ायदा उठाने का तरीका ढूंढ लिया है। ICANN हर चौबीस घंटे में एक बार सभी ज़ोन फ़ाइलें प्रकाशित करता है। तो हमारे पास कुछ ऐसे चालाक लोग हैं जो नाम रजिस्टर करते हैं, उनका अनुचित प्रयोजनों के लिए उपयोग करते हैं और चौबीस घंटे के भीतर उन्हें डिलीट कर देते हैं।

और अगर मैं उन्हें चौबीस घंटे के भीतर हटा दूं तथा आप इसे हर चौबीस घंटे में ही प्रकाशित कर रहे हैं, तो आप यह देख भी नहीं पाएंगे कि दुर्व्यवहार हुआ है। इसलिए हम इसे समझने की कोशिश कर रहे हैं, और फिर संभवतः इस पर कुछ सुझाव देने की योजना बना रहे हैं। और निश्चित रूप से, GNSO के भीतर, एसोसिएटेड डोमेन चेक नामक वाकई एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षेत्र पर नीति

विकास हो रहा है। मान लें कि कोई व्यक्ति बहुत लंबा डोमेन नाम रजिस्टर करता है, और उस डोमेन नाम का गलत तरीके से उपयोग किया जाता है। आप यह दिखा सकते हैं कि इसका उपयोग अपमानजनक तरीके से किया जाता है। तो इसे जाकर देखने और यह कहने के लिए एक प्रोटोकॉल है कि "ठीक है, इसका गलत तरीके से उपयोग किया जा रहा है, इसे हटा दें।"

अब हो यह रहा है कि लोग उस पहले नाम को रजिस्टर करा रहे हैं, और फिर उसके नीचे दस हजार और नाम रजिस्टर करा रहे हैं जो मूल नाम से केवल एक या दो अक्षर ही अलग हैं। एसोसिएटिव डोमेन नाम यही होता है। कहने का मतलब यह है कि अगर आपको कोई एक ऐसा नाम मिल जाता है जो अपमानजनक हो और आप ऐसे कई अन्य नामों का एक पैटर्न स्थापित कर सकें जो उस पहले नाम से थोड़े ही अलग हों, तो क्या हम कह सकते हैं कि इन नामों के भी अपमानजनक होने की काफी अच्छी संभावना है, और क्या आप इसके बारे में कुछ कर सकते हैं? इसलिए हम इसमें शामिल हैं और इससे जुड़े हुए हैं। अंत में मैं यह बताना चाहता हूं कि हम यह पहली बार कर रहे हैं, और तारा SSAC अनुसंधान शिक्षुता पायलट प्रोग्राम पर इस प्रयास का नेतृत्व करने में मदद कर रही है, इसलिए मैं तारा से बात करना चाहता हूं।

तारा व्हेलन

धन्यवाद, राम। तो, राम ने आपको SSAC की सदस्यता के बारे में बताया, और जब हम अपनी सदस्यता के बारे में सोच रहे थे, तो हम SSAC की भविष्य की

सदस्यता के बारे में भी सोच रहे थे और यह कैसा दिख सकता है तथा हम किसी को SSAC के भावी सदस्य बनने के लिए कैसे तैयार कर सकते हैं, या ICANN के संदर्भ में और सामान्य रूप से ऑनलाइन सुरक्षा के संदर्भ में उनके सुरक्षा ज्ञान को कैसे गहन बना सकते हैं। और अक्सर हमारे सदस्यों के रूप में ऐसे लोग शामिल करते हैं, जो अपने करियर के अंतिम चरण में होते हैं; वे काफी उन्नत होते हैं।

लेकिन संभवतः शुरुआती चरण में ही SSAC के साथ काम करने के अवसर मौजूद हों। तो हमने सोचा, ऐसा कैसे हो सकता है? तो हमने सोचा कि शायद हम किसी ऐसे व्यक्ति को ला सकते हैं जिसकी कुछ तकनीकी पृष्ठभूमि हो और जो हमारे साथ अल्पकालिक रूप से काम करने में रुचि रखता हो, यानी लगभग एक वर्ष या उससे थोड़ा कम समय के लिए; उन्हें हमसे मार्गदर्शन मिलेगा, रुचि का कोई प्रोजेक्ट मिलेगा, उदाहरण के लिए, किसी वर्क पार्टी में योगदान देंगे। वे SSAC के कार्यों के बारे में थोड़ा और जानेंगे, और हम उनसे सीखेंगे। वे अपने ज्ञान और विशेषज्ञता का योगदान दे सकते हैं, इसलिए यह सबके लिए फायदेमंद स्थिति प्रतीत होती है।

तो हम इसे पहली बार आजमा रहे हैं। हमारे पास उन लोगों का एक समूह था, जिन्हें ICANN फ़ेलो में से चुना गया था। कुछ लोगों की पहचान करने में हमें सिरानुश से, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद और अन्य लोगों से मदद मिली। हमने पहली बार इसे आजमाने के लिए एक उम्मीदवार का चयन किया है, तो

हम इस वर्ष गुस्तावो ओर्टेगा के साथ काम करके बहुत खुश हैं। और, हम इस बात से उत्साहित हैं कि हम आगे बढ़ते हुए सीखेंगे, हम जानेंगे कि क्या काम कर रहा है, उसमें सुधार करने में सक्षम होंगे और हमें उम्मीद है कि हम इसे भविष्य में भी जारी रखेंगे। शायद हम इसे वर्ष में दो लोगों के साथ चलाएंगे, लेकिन हम इसके बारे में बहुत उत्साहित हैं और हमें खुशी है कि हमें फ़ेलोज़ के साथ काम करने का अवसर मिला, जिससे हमें एक नए प्रोग्राम के कुछ विचार मिले।

राम मोहन

हमारे कई फ़ेलोज़ भी सदस्य बन चुके हैं।

तारा व्हेलन

यह सच है, और राम ने मुझे याद दिलाया कि हमारे कुछ फ़ेलोज़ सदस्य बन चुके हैं, तो हम एक शुरुआती कदम के रूप में इसकी सराहना करते हैं। हमने आपकी सारी विशेषज्ञता, उत्साह और विचारों को ध्यान में रखा है और हम SSAC में बड़ी सफलता के लिए उनका लाभ उठा रहे हैं।

सिरानुश वर्दान्यान

बिल्कुल, धन्यवाद और जो लोग नहीं जानते, उनके लिए बता दें कि SSAC पहले आम जनता के लिए बंद रहता था। उनके सभी सत्र बंद थे। हमें कभी पता नहीं चलता था कि वे बंद दरवाजों के पीछे क्या बातें करते थे। लेकिन, वर्तमान

नेतृत्व की बदौलत, समुदाय के लिए दरवाजे खुल गए हैं, और हमने पिछले कुछ वर्षों में फ़ेलोशिप प्रोग्राम से नए सदस्यों को आते देखा है, और SSAC का हिस्सा होना मेरे लिए और फ़ेलोशिप प्रोग्राम के लिए हमेशा गर्व की बात रही है। और मैं हमेशा SSAC को समुदाय के लिए दरवाजे खोलने के लिए धन्यवाद देता रहता हूं, क्योंकि यह इन युवा लेकिन प्रतिभाशाली पेशेवरों के लिए इंटरनेट के वर्तमान और भविष्य के निर्णय लेने वाले बनने का अवसर है।

तो, धन्यवाद, धन्यवाद, और हमारे पास SSAC सदस्यों से प्रश्न पूछने के लिए कुछ मिनट हैं। मुझे पता है कि बहुत सारे होंगे, हे भगवान! तो आज किसने प्रश्न नहीं पूछे? किसने हाथ उठाया है और प्रश्न नहीं पूछा? कृपया आगे जाएं।

इहिता गंगावरपु

सभी को नमस्कार, शुभ संध्या। प्रस्तुति के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। रिकॉर्ड के लिए, मैं इहिता गंगावरपु हूं। मैं पूर्व में NextGen की सदस्य और NextGen एंबेसडर रह चुकी हूं, तो दस वर्ष बाद यहां वापस आकर वाकई मुझे बहुत खुशी हो रही है। मि. राम, मेरा आपसे यह प्रश्न है कि मैं आज SSAC के संक्षिप्त व्याख्यानों का हिस्सा थी, और मैं वर्तमान में DNS दुरुपयोग के क्षेत्र में काम करती हूं। तो, मुझे SSAC की बातचीत में हिस्सा लेने या बल्कि, एक पर्यवेक्षक के तौर पर शामिल होने में सचमुच काफ़ी दिलचस्पी है। अब, विशेष रूप से DNS दुरुपयोग और AI के क्षेत्र में, जिस डोमेन में मैं काम करता हूं, मैं यह जानना चाहता था कि क्या चर्चा के कुछ क्षेत्रों में पर्यवेक्षक बनने का

कोई अवसर है, क्योंकि यह SSAC के भीतर एक उभरती हुई वर्क पार्टी भी है? और अगर ऐसा हो, तो क्या हमें बातचीत में शामिल होने के लिए जनता की टिप्पणियों का इंतजार करना होगा?

राम मोहन

यह एक बहुत अच्छा प्रश्न है, और एक ऐसा प्रश्न है जिससे हम काफी समय से जूझ रहे हैं। समस्या यह है। कभी-कभी, जब हम वर्क पार्टी के भीतर काम करते हैं, तो हमारे पास ऐसे सदस्य होते हैं जो अत्यंत संवेदनशील डेटा, अत्यंत संवेदनशील जानकारी लेकर आते हैं, और जब हम ऐसा करते हैं, तो हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम करते हैं कि इसे बहुत ही गोपनीय तरीके से रखा जाए। यह तो कार्यस्थल पर परिचालन सुरक्षा है, है ना?

तो परिणामस्वरूप, हमारा सामान्य मॉडल यह है कि जब SSAC अपने शोध पत्र लिखता है, प्रकाशित करता है, तो उसमें SSAC के सदस्य और आमंत्रित विशेषज्ञ शामिल होते हैं। ये वे लोग हैं जिन्हें इस पर काम करने के लिए लाया जाता है। और हमारे यहां ऐसी कोई प्रथा भी नहीं है कि हम कोई शोध पत्र प्रकाशित करें और शोध पत्र पर जनता की टिप्पणियां मांगें और फिर उस पत्र को संशोधित करें। चूंकि हमारा सामान्य मॉडल यह है कि ऐसा नहीं है कि हम हर चीज़ के बारे में सब कुछ जानते हैं; बल्कि कुछ चीज़ों के बारे में हम काफ़ी कुछ जानते हैं, और ज़्यादातर चीज़ों के बारे में हम कुछ भी नहीं जानते, इसलिए हम केवल उन्हीं कुछ चीज़ों पर बात करने की कोशिश करते हैं।

यह ऐसी जगह है, जहां ICANN की बैठकों में आपको कम से कम ध्यान से देखने का मौका मिलता है, क्योंकि हम इस मॉडल पर आ गए हैं, जिसके बारे में सिरानुश बात कर रहे थे, जहां हम इन सत्रों में सार्वजनिक रूप से अपनी कुछ वर्क पार्टीज़ का संचालन कर रहे हैं, और यह एक अवसर है। आपको यह देखने को मिलेगा कि हम काम कैसे करते हैं। लेकिन अगर आप भाग लेना चाहते हैं, तो आवेदन करें, सदस्य बनें और फिर आप ऐसा कर पाएंगे।

सिरानुश वर्दान्यान हाँ? मैंने यहां हाथ देखा, हाँ, कृपया आगे बढ़ें।

रूपम बारुई सभी को नमस्कार, रिकॉर्ड के लिए मेरा नाम रूपम है। मेरा प्रश्न DNSSEC के बारे में है। सभी रजिस्टर्ड लोगों को यह नहीं पता होता कि DNSSEC क्या है, और हो सकता है कि उन्हें यह भी न पता हो कि अपने सबडोमेन या यहां तक कि डोमेन पर DNSSEC को कैसे लागू किया जाए। तो फिर क्यों न, आप जानते हैं, पहले से ही सक्रिय होकर हर डोमेन और उन सब-डोमेन पर, जिन्हें वे अपने डोमेन के लिए बना रहे हैं, डिफ़ॉल्ट रूप से DNSSEC लागू कर दिया जाए, ताकि उन्हें हाइजैक न किया जा सके और वे DNS के दुरुपयोग से सुरक्षित रखे जा सकें।

राम मोहन

मुझे यह विचार बहुत पसंद आया। लेकिन अगर आप SSAC के काम करने के तरीके को देखें, तो हम खुद को उस संगठन के रूप में नहीं देखते हैं जो कह सके, "आपको ऐसा करना चाहिए।" ऐसा होने के लिए, इसे नीति विकास प्रक्रिया से गुजरना होगा, और GNSO के भीतर, वे एक साथ बैठकर कह सकते हैं, "हम चाहते हैं कि यह डिफ़ॉल्ट हो," फिर यह हो जाएगा। लेकिन विशुद्ध तकनीकी स्थिरता और सुरक्षा के नज़रिए से, हमारे लिए यह तर्क देना बहुत मुश्किल है कि यह सबके लिए अपने-आप होना चाहिए।

सिरानुश वर्दान्यान

हाँ, कृपया आगे बढ़ें।

सृजन राय

नमस्ते, मैं सृजन हूं, मैं एक NextGen हूं। मेरा प्रश्न कुछ हद तक पिछले प्रश्न से संबंधित था और यह नीतिगत रिपोर्टों से कार्रवाई में बदलने की पुरानी समस्या से भी कहीं न कहीं जुड़ा हुआ है। तो, जैसा कि आपने कहा, आप वाकई कई दिलचस्प रिपोर्ट प्रकाशित करते हैं। उदाहरण के लिए, मैं बस यह पूछना चाहता था कि अगर हम AI से जुड़े कुछ खतरों का उदाहरण लें, और आप यह मानते हैं कि इसका असर एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन पर पड़ रहा है, और यह एक तेज़ी से उभरता हुआ खतरा है, तो आप यह कैसे सुनिश्चित करेंगे कि इस पर इतनी तेज़ी से कार्रवाई हो सके कि अंतिम उपयोगकर्ताओं को कोई नुकसान न पहुंचे? जैसा कि आपने कहा, आप नीति निर्माण प्रक्रिया को नियंत्रित नहीं

करते हैं, लेकिन ऐसे कौन से तरीके हैं जिनके ज़रिए आप इस मुद्दे की गंभीरता को उजागर कर सकते हैं और वहां आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है?

राम मोहन

धन्यवाद। असल में हम इसी चीज़ पर अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं, ताकि हम उन क्षेत्रों पर बहुत तेज़ रोशनी डाल सकें जिन्हें हम वाकई बेहद महत्वपूर्ण मानते हैं। इसलिए उदाहरण के तौर पर, हमारा मानना है कि DNSSEC को लागू करना महत्वपूर्ण है। हम यह भी कह रहे हैं कि इसे लागू करना कोई आसान प्रोटोकॉल नहीं है, इसलिए इसे लागू करते समय सावधानी बरतें, क्योंकि यदि आप DNSSEC से जुड़ी कई रुकावटों को देखें, तो आप पाएंगे कि वे अत्यधिक कुशल संगठनों में भी हुई हैं क्योंकि इसे लागू करना एक जटिल प्रोटोकॉल है।

लेकिन हमारा ध्यान न केवल इस मुद्दे पर प्रकाश डालने पर है, बल्कि समुदाय के भीतर जागरूकता बढ़ाने पर भी है। सोमवार, सुबह 10:45 बजे, हम इंटरनेट के लचीलेपन पर पूरे समुदाय के लिए एक पूर्ण सत्र आयोजित कर रहे हैं। और हमें वास्तव में विश्वास है कि हम एक निर्णायक मोड़ पर हैं। SSAC की शुरुआत पच्चीस वर्ष पहले हुई थी और आप जानते हैं, उस समय 9/11 की घटना हुई थी और वह सब कुछ हुआ था। हमें लगता है कि एक ऐसा ही निर्णायक मोड़ अब हमारे सामने आ गया है, जहां अब आप बस यह नहीं कह सकते कि इंटरनेट और इंटरऑपरेबिलिटी की गारंटी है और यह बस काम करेगा।

हम यह अधिकाधिक देख रहे हैं कि स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर होने वाला व्यवधान ही वास्तविकता है। तो हम कह रहे हैं कि हमें लचीलेपन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, और लचीलेपन का मतलब है जीवित रहने की क्षमता। आप जानते हैं, चीजें बिगड़ जाती हैं, तो आप उन्हें वापस कैसे लाते हैं ताकि कोई बड़ा नुकसान न हो? इसलिए हमारा काम जागरूकता फैलाना, इस पर संक्षिप्त जानकारी देना और फिर विभिन्न समुदायों के साथ कड़ी मेहनत करना है ताकि वे समझ सकें कि मूल इकोसिस्टम को मजबूत बनाना वाकई महत्वपूर्ण है।

अब हम "इंटरनेट उपयोगी है" से आगे बढ़कर "इंटरनेट अनिवार्य है" की स्थिति में आ गए हैं। हम "इंटरनेट महत्वपूर्ण है" से आगे बढ़कर "इंटरनेट एक उपयोगिता है" की स्थिति में आ गए हैं। और जब इंटरनेट एक उपयोगिता के रूप में उस अवस्था में पहुंच जाता है, तो इसका मतलब है कि सरकारें इसमें शामिल होना शुरू कर देती हैं। चूंकि जब इंटरनेट बंद हो जाता है, तो लोग सरकार के पास जाते हैं और पूछते हैं, "आप इसके बारे में क्या कर रहे हैं? आप इसे होने कैसे दे सकते हैं?" तो संक्षेप में इसका उत्तर यह है: इस पर रोशनी डालें, जागरूकता बढ़ाएं, यह सुनिश्चित करें कि गलतफहमियां दूर हों, और हम उन तकनीकी तथ्यों पर स्पष्टता प्रदान कर सकें जिन पर मुख्य प्रोटोकॉल और मुख्य सिस्टम काम करते हैं।

| | |
|---|---|
| सिरानुश वर्दान्यान | धन्यवाद। मुझे पता है कि समय समाप्त हो रहा है, लेकिन कृपया यहां अंतिम प्रश्न पर संक्षेप में चर्चा करें। |
| करण कालरा | धन्यवाद। प्रस्तुति के लिए धन्यवाद, राम। रिकॉर्ड के लिए, मैं करण कालरा हूं। मैं पहले पूछे गए प्रश्न के आधार पर ही अपनी बात आगे बढ़ा रहा हूं। नवाचार तेजी से आगे बढ़ रहा है, और न केवल यहां बल्कि दुनिया के सभी हिस्सों में नियमन भी इसके अनुरूप ढल रहा है। तो, नवाचार के साथ तालमेल बिठाने के लिए हम अपनी नीति को आगे बढ़ाने के लिए कौन से कदम उठाते हैं? मेरा मतलब है, अगर हमें AI-आधारित खतरों और हर दिन तेज़ी से बढ़ रहे हमलों को ध्यान में रखना है, तो ICANN में हम ऐसे कौन से कदम उठा रहे हैं, ताकि हम नवाचार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें? धन्यवाद। |
| राम मोहन | धन्यवाद। मुझे इसका शीघ्र उत्तर चाहिए। हम उतनी तेजी से आगे नहीं बढ़ रहे हैं, जितनी जरूरत है। और बुरे लोग हम सब की तुलना में कहीं ज्यादा तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ठीक है, और खास तौर पर जब आप उन क्षेत्रों में DNS के दुरुपयोग को देखते हैं, और यह भी कि किस तरह AI इसे और तेज़ कर रहा है, तो हमारे सामने एक समस्या है। लेकिन साथ ही, हम एक बहु-हितधारक समुदाय हैं, इसलिए आप बस जल्दबाज़ी में आगे बढ़कर यह नहीं कह सकते |

कि "हमें कील दिख रही है, ये रहा हथौड़ा, चलें इसे ठोकते हैं।" आपको वास्तव में समुदाय को अपने साथ लेकर चलना होगा।

यह एक ऐसी स्थिति है जहां हमें कुछ हद तक धैर्य रखना होगा, साथ ही साथ तत्परता का भाव भी व्यक्त करना होगा और कहना होगा, "बहुत देर तक इंतजार न करें," खास तौर पर जब बात AI और DNS के दुरुपयोग की हो, जब बात लचीलेपन की हो, जब बात DNSSEC और उसके परिचालन कार्यान्वयन की हो, जब बात DNS के अधिकार और उसकी सुरक्षा स्थिरता के पहलुओं की हो, जब बात नाम टकराव और gTLD जैसी चीजों की हो। ये सभी बेहद महत्वपूर्ण विषय हैं, और हमें इस बात का एहसास होना चाहिए कि समय तेजी से बीत रहा है, और आपको जितनी जल्दी हो सके आगे बढ़ना होगा, लेकिन समुदाय को अपने साथ लेकर चलना होगा।

सिरानुश वर्दान्यान

धन्यवाद, मैं यहाँ उपस्थित सभी नए लोगों, शोधार्थियों और NextGen सदस्यों की ओर से SSAC सदस्यों को हमारे साथ जुड़ने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ और हम आपको शाम 05:30 बजे हॉल में हमारे साथ नेटवर्किंग सत्र में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। मीटिंग में शामिल होने के लिए धन्यवाद। मैं At-Large से अपने सहकर्मियों को हमारे अगले प्रस्तुतकर्ताओं के रूप में आमंत्रित करना चाहूँगा। जोनाथन ज़क, At-Large के अध्यक्ष हैं।

कृपया थोड़े पास आ जाएँ। आप सभी को धन्यवाद और शुक्रिया, शाम 05:30 बजे मिलते हैं।

At-Large वह समुदाय है, जहाँ से मैं खुद आया हूँ। यह एक बड़ा समुदाय है। यह एक ऐसा समुदाय है, जिसमें कई शोधार्थी और NextGen सदस्य शामिल हैं। मैं यहाँ उपस्थित ALAC सदस्यों को भी आमंत्रित करता हूँ, लेकिन मैं सबसे पहले जोनाथन को बोलने का अवसर देना चाहता हूँ कि वे हमें यह समझाएँ कि At-Large क्या है, ALAC क्या है और यह कैसे काम करता है और शायद आपको पहले से ही पता होगा कि आपके बाद कौन अपनी बात कहेगा। जोनाथन, मंच पर आपका स्वागत है।

जोनाथन ज़क

मैं अपने बाद क्लेयर को मंच पर आमंत्रित करूँगा। मैं अपनी बात जल्द ही पूरी करूँगा। क्या आपको पिछली मीटिंग्स में जानकारी मिल चुकी है कि ALAC क्या है? क्या यह जानकारी फिर से दी जा रही है? क्या उन्हें पहले से ही पता है? ओह, ठीक है। क्योंकि ऐसा कभी-कभी होता है कि मेरी कही हुई बात दोहराव हो जाती है। नमस्कार, मेरा नाम जोनाथन ज़क है और मैं At-Large एडवाइज़री कमिटी का अध्यक्ष हूँ, जिसे ICANN में एंड यूज़र्स के हितों की सुरक्षा करने के लिए बनाया गया है।

लेकिन ALAC एक बड़े At-Large समुदाय का सिर्फ़ एक हिस्सा है, जिसमें क्षेत्रीय At-Large संगठन और उनके सदस्य शामिल हैं, जो या तो व्यक्ति होते

हैं या उन्हें At-Large संरचनाएँ कहा जाता है, जो स्वतंत्र रूप से मौजूद इच्छुक संगठन होते हैं, जैसे ISOC चैप्टर या सुरक्षा फ़र्म या इसी तरह के अन्य संगठन, जिनकी हमारे कामकाज के किसी पहलू में दिलचस्पी हो सकती है। इस प्रकार, हमारी सदस्यता काफ़ी व्यापक है और ICANN के अन्य समूहों की तुलना में काफ़ी अनूठी है।

और इसलिए उस गहराई के साथ-साथ जो चीज़ हमें अलग बनाती है, वह एक प्रकार की व्यापकता भी है, क्योंकि हमारी टीम में काफ़ी अलग-अलग तरह के लोग हैं। अगर आप बौद्धिक संपदा वाले समूह को देखें, तो वह ट्रेडमार्क वकीलों से मिलकर बना है। इसलिए मैं लगभग 100% सही अनुमान लगा सकता हूँ कि उनके बीच होने वाली किसी भी बातचीत का नतीजा क्या होगा।

जबकि, जब हम At-Large समुदाय के अंदर नीतियों के बारे में बहस करते हैं, तो वह एक बहुत ही व्यापक चर्चा होती है, क्योंकि उसमें कई अलग-अलग दृष्टिकोण और लोगों की अलग-अलग प्राथमिकताएँ सामने आती हैं। जहाँ कुछ लोग साइबर सुरक्षा को लेकर ज़्यादा चिंतित हो सकते हैं, वहीं दूसरे लोगों की चिंता मानवाधिकारों के बारे में ज़्यादा हो सकती है और ऐसे में जब मुद्दे एक-दूसरे के विपरीत होते हैं, तो हम उनका हल कैसे निकालते हैं? इसलिए At-Large समुदाय में हमारी काफ़ी गंभीर बहस और चर्चाएँ होती हैं। मैं चाहता हूँ कि हमारे पास सवाल-जवाब के लिए भी पर्याप्त समय बच जाए, इसलिए मैं अपनी बात को यहीं विराम देता हूँ और अपनी उपाध्यक्ष क्लेयर क्रैग को मंच

पर आमंत्रित करूँगा, जिन्होंने एक शोधार्थी के रूप में शुरुआत की थी और अब ALAC की उपाध्यक्ष हैं, कि वे अपने बारे में कुछ बताएँ। नमस्ते क्लेयर, उम्मीद है कि आप तैयार हैं।

क्लेयर क्रैग

जी हाँ, शुक्रिया, जोनाथन। रिकॉर्ड के लिए, मेरा नाम क्लेयर क्रैग है। मुझे बहुत खेद है कि मैं आप सबके साथ मुंबई में नहीं हूँ। आपसे ऑनलाइन बात करने और आपके साथ आमने-सामने बैठकर बात करने में बहुत अंतर है, लेकिन फिर भी मैं पूरी कोशिश करूँगी। मैंने भी आप सभी की तरह 2017 में शुरुआत की थी। आपको शायद यह काफ़ी लंबा समय लगे, लेकिन ICANN के हिसाब से यह उतना लंबा समय नहीं है।

और अगर उस समय किसी ने मुझसे कहा होता कि आज मैं ALAC की उपाध्यक्ष बनने के साथ-साथ ऑपरेशन, फ़ाइनेंस और बजट वर्किंग ग्रुप की सह-उपाध्यक्ष भी बनूँगी, तो मुझे बिल्कुल भी यकीन नहीं होता। ऐसा इसलिए क्योंकि मुझे अपनी पहली मीटिंग में ही ऐसा महसूस हुआ जैसे मुझे एक साथ बहुत ही ज़्यादा जानकारी मिल रही है। मुझे यकीन है कि आपमें से कुछ लोग मेरी बात समझ सकेंगे। और आप मानें या न मानें, इतने महत्वपूर्ण पदों पर होने के बावजूद आज भी मुझे कुछ वैसा ही लगता है। इसलिए हिम्मत रखिए।

असली बात यह है कि आपको एकदम शुरुआत से, मतलब पहले दिन से ही अपने काम में जुटना पड़ेगा और मैंने भी यही किया। सिरानुश आपको जो बातें

बताएँगे, उनमें से एक यह है कि आप लोगों की नज़र में रहें। जब भी मौका मिले, अपनी बात रखें। जब आप बोर्ड के साथ मीटिंग में जाएँ, तो अपनी बात रखें। जब आप सार्वजनिक सत्रों में जाएँ, तो अपनी बात रखें। यह शोधार्थी होने का एक फायदा है। लोग आपको बोलने के मौके देते हैं और वे आपकी राय जानना चाहते हैं, इसलिए कृपया संकोच किए बिना मौकों का फ़ायदा उठाएँ। इससे आपको समुदाय को बेहतर तरीके से समझने में भी मदद मिलती है।

इस तरह मेरी यात्रा कुछ ऐसी रही: मैंने कोपेनहेगन से शुरुआत की, जो 2017 में ICANN58 था। और मैंने शोधार्थियों के लिए उपलब्ध तीनों फ़ैलोशिप का लाभ उठाया। मेरी दूसरी फ़ैलोशिप ICANN59 में थी और फिर मेरी तीसरी फ़ैलोशिप ICANN62 में थी। उस समय मेंटर, समुदाय से नहीं होते थे, जैसे आजकल होते हैं। इसलिए मुझे शोधार्थियों को मार्गदर्शन देने का मौका मिला और मैंने उसका लाभ उठाया।

इन सब के बाद भी मुझे यह नहीं पता था कि मैं कहाँ जाना चाहती हूँ। इसलिए मैंने एक ऐसे समुदाय की तलाश शुरू की, जिसका मैं हिस्सा बन सकूँ और फिर मैं यह जानने की कोशिश करते हुए नॉन-कमर्शियल स्टेकहोल्डर ग्रुप में शामिल हो गई कि वहाँ क्या हो रहा है। और COVID के दौरान, जब सब कुछ ऑनलाइन था, उन्होंने पूछा कि क्या कोई व्यक्ति इंटरनेट गवर्नेंस ईकोसिस्टम के अंदर ICANN के मल्टी-स्टेकहोल्डर मॉडल के बारे में एक पूर्ण

सत्र में वक्ता के रूप में भाग लेना चाहता है। तब मैंने अपना हाथ उठाया और उन्होंने मुझे बोलने का मौका दिया।

ऐसा करने के बाद, मुझे मेरे समुदाय, मतलब लैटिन अमेरिका और कैरेबियन कम्युनिटी के लोग जानने लगे। मैं त्रिनिदाद और टोबैगो में रहती हूँ, जो दक्षिण अमेरिका के पास एक छोटा-सा कैरेबियन द्वीप है। और इसलिए हम लैटिन अमेरिका और कैरेबियन कम्युनिटी का हिस्सा हैं। इस तरह उसमें भाग लेने के बाद, जब सेक्रेटरी का पद खाली होने वाला था, तब मेरे समुदाय ने मुझसे पूछा। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं वह पद संभालना चाहूँगी और मैंने कहा, "मुझे इसके बारे में कुछ भी पता नहीं है।" उन्होंने कहा, "हम आपकी मदद करेंगे।" तब मैंने कहा, "ठीक है, मैं तैयार हूँ।"

और यही वह दूसरी बात है। जब आपसे पूछा जाए कि क्या आप कोई काम कर सकते हैं, तो हाँ कहें। लोग आपकी मदद करने के लिए उपलब्ध रहते हैं। मैंने भी वही किया। जब दो साल बाद जब मेरा कार्यकाल समाप्त हो गया, तब मैंने NomCom के ज़रिए लीडरशिप के पद के लिए आवेदन करने का फ़ैसला लिया। आपने शायद नॉमिनेटिंग कमेटी, NomCom के बारे में सुना होगा, जहाँ वे न सिर्फ़ ICANN में लीडरशिप वाले पदों की तलाश करते हैं, बल्कि वे विभिन्न क्षेत्रों में जाकर वहाँ भी पदों की तलाश करते हैं।

और इसी के ज़रिए मुझे NomCom ने ALAC के लिए चुना। ALAC पंद्रह सदस्यों का एक समुदाय है, जिसके दो सदस्य, At-Large समुदाय से आते हैं और एक-

एक व्यक्ति, मौजूदा पाँच क्षेत्रों में से प्रत्येक से आता है। मैं अभी इस सब के बारे में ज़्यादा बात नहीं करूँगी, क्योंकि जैसा कि जोनाथन ने कहा, हम कुछ समय सवालों के लिए भी छोड़ना चाहते हैं। तो मैंने वही किया और वह दो साल का कार्यकाल था।

दो साल पूरे होने के बाद, मैं फिर से वापस आना चाहती थी, क्योंकि वह एक बहुत बढ़िया अनुभव रहा था, इसलिए मैंने अपने RALO के ज़रिए आवेदन किया और मुझे ALAC के लिए चुन लिया गया। ALAC में आने के बाद, मुझे उपाध्यक्ष बनने को कहा गया और मैंने यह पद स्वीकार कर लिया और मैं अब भी इस पद पर रहते हुए बहुत कुछ सीख रही हूँ।

इस पद पर रहते हुए मुझे ऑपरेशन, फ़ाइनेंस और बजट वर्किंग ग्रुप के एक अध्यक्ष के साथ भी काम करने को कहा गया। मेरे जुड़ने के कुछ समय बाद ही उन्होंने पारिवारिक ज़िम्मेदारियों के चलते इस्तीफ़ा दे दिया और मैं इस पद पर बन गई। मैं फिर से यही कहूँगी कि लोगों के साथ काम करने से मुझे काम करने के तौर-तरीके सीखने और यहाँ तक पहुँचने में बहुत मदद मिली है। मैं आपसे यही कह सकती हूँ: आने वाले मौकों पर नज़र रखें। मुझे यकीन है कि आपको इस बारे में और भी जानकारी दी जाएगी।

ICANN85 आ रहा है। अगर आप अभी मुंबई में ICANN85 में हैं, तो ज़्यादा से ज़्यादा सत्रों में शामिल होने की कोशिश करें। कल सुबह हमारी एक OFB (ऑपरेशन, फ़ाइनेंस और बजट वर्किंग ग्रुप) मीटिंग है। अगर आप इस बारे में

और जानना चाहते हैं कि हम क्या करते हैं, तो आप इस मीटिंग में शामिल हो सकते हैं। इस मीटिंग में ALAC और At-Large के अन्य सत्र भी होने वाले हैं, जिनमें मैं चाहती हूँ कि आप शामिल हों। इसके बाद जून में ICANN86 पॉलिसी फ़ोरम का आयोजन होने वाला है।

मुझे लगता है इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख तो शायद निकल चुकी है, लेकिन याद रखें कि ICANN की सभी मीटिंग हाइब्रिड होती हैं। मतलब आप मेरी तरह घर पर रहकर भी उनमें शामिल हो सकते हैं। हाँ, यह ज़रूर है कि इसमें थोड़ी मुश्किल हो सकती है। जैसे कि खास तौर पर इस मीटिंग के लिए, मुझे कल रात 11:30 बजे से जागना पड़ा और अब मेरे यहाँ सुबह के 07:44 बज रहे हैं, लेकिन चूँकि मुझे आपसे बात करनी थी और सत्रों में शामिल होना था, इसलिए मुझे यह सब करना पड़ा।

मेरे खयाल से कि AGM ICANN87 के लिए फ़ैलोशिप प्रोग्राम जल्द ही शुरू हो जाएगा और साथ ही NextGen भी अक्टूबर में शुरू हो जाएगा और मैं चाहती हूँ कि आप इस मौके का लाभ उठाएँ और इन फ़ैलोशिप के लिए आवेदन करें, इनसे जुड़ें और इनमें भाग लें। यह भी याद रखें कि इन सभी मीटिंग को रिकॉर्ड किया जाता है, मतलब अगर आप सत्रों में शामिल नहीं हो पाते हैं, तो आप बाद में उनकी रिकॉर्डिंग सुन सकते हैं। तो यह थी मेरी कहानी, अब अगर आपको कुछ पूछना हो, तो मैं जवाब देने के लिए उपलब्ध हूँ। मुझे आज आप सभी के साथ बात करने का मौका देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

सिरानुश वर्दान्यान

शुक्रिया, क्लेयर, हमारे बीच आने के लिए और वर्चुअल माध्यम से हमसे जुड़ने के लिए धन्यवाद। क्लेयर RALO के बारे में बता रही थीं और मैं बताना चाहता हूँ कि RALO क्या होता है। यह At-Large का क्षेत्रीय स्तर का संगठन होता है। At-Large में पाँच क्षेत्र शामिल हैं: अफ़्रीकी क्षेत्र, जिसे AFRALO कहा जाता है; उत्तर अमेरिका क्षेत्र, जिसे NARALO कहा जाता है; एशिया-प्रशांत क्षेत्र APRALO है; इसके बाद LACRALO है, जो लैटिन अमेरिका और कैरेबियन क्षेत्र है और फिर EURALO है, जो यूरोपीय क्षेत्र है।

आप अपने संबंधित क्षेत्र में जाकर वहाँ के प्रतिनिधियों से मिल सकते हैं और उनसे बात कर सकते हैं। क्लेयर ने कुछ अन्य सत्रों का भी ज़िक्र किया था। इनमें AFRALO की एक मीटिंग होने वाली है, जिसमें अफ़्रीका के शोधार्थी प्रस्तुति देंगे, इसलिए मैं आपको भी उसमें शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करूँगा। एशिया-प्रशांत टीम के सदस्यों, NextGen सदस्यों और शोधार्थियों के साथ भी एक मीटिंग होने वाली है। मतलब कुछ ऐसे सत्र होने वाले हैं, जिनमें आप वहाँ मौज़ूद At-Large प्रतिनिधियों से मिलेंगे।

लेकिन नेटवर्किंग सत्र शुरू होने से पहले, हमारे पास चाय-पानी पीने, थोड़ी गपशप करने और ICANN समुदाय से मिलने-जुलने के लिए कुछ मिनट का समय है। आपके पास At-Large से कुछ सवाल पूछने का समय है, इसलिए

अगर आपको कुछ पूछना हो, तो पूछ लें। हाँ, चलिए यहाँ से शुरुआत करें। कृपया शुरू करें।

तरुणा कौर बमराह

रिकॉर्ड के लिए बता दूँ कि तरुणा कौर बमराह, NextGen और मेरा एक सवाल है: आम सहमति बनने से पहले वंचित समुदायों और एंड यूज़र्स को PDP में शामिल करने के लिए ALAC, नए APRALO आउटरीच मॉडल को टेस्ट कैसे कर रहा है? क्योंकि मैं भी टियर-टू, टियर-थ्री क्षेत्र से आती हूँ, जो कि उत्तर भारत, पंजाब है। मतलब APRALO इन वंचित समुदायों तक कैसे पहुँचता है और एंड यूज़र्स को डिजिटल दुनिया में कैसे शामिल किया जा सकता है?

सिरानुश वर्दान्यान

धन्यवाद। अमृता यहाँ हैं क्या? नहीं? ठीक है। इस सवाल का जवाब कौन दे सकता है? कोई भी RALO जवाब दे सकता है। At-Large में इसकी क्या प्रक्रिया है? हाँ।

क्लेयर क्रैग

माफ़ करना। मैं बस यही कहने वाला था कि--अच्छा, मुझे दिख रहा है कि हादिया ने अपना हाथ ऊपर उठाया हुआ है। अच्छा हादिया, क्या आप AFRALO की अध्यक्ष के तौर पर बोलना चाहती हैं?

| | |
|---|---|
| सिरानुश वर्दान्यान | नहीं, हादिया ने हाथ नहीं उठाया है। क्लेयर, अपनी बात जारी रखें। |
| क्लेयर क्रैग | यह हाथ शायद पहले किसी ने उठाया होगा। अच्छा, ठीक है। हाँ, मतलब हर RALO के पास अपनी संपर्क और सहभागिता प्रक्रिया सेट करने के लिए अपनी अलग व्यवस्था होती है। वे ICANN ग्लोबल स्टेकहोल्डर एंगेजमेंट ग्रुप, GSE के साथ मिलकर काम करते हैं और अपनी रणनीति तय करते हैं। इस मीटिंग में एक ऐसा सत्र भी है, जिसमें APRALO, NextGen सदस्यों से मिलेंगे और वह मीटिंग इस सवाल को पूछने का एक अच्छा मौका होगा, जहाँ वे आपको बता सकते हैं कि उनकी कम्युनिटी में यह काम कैसे किया जा रहा है।<br><br>हालाँकि, फ़िलहाल जो एकमात्र PDP खुला है, वह DNS के दुरुपयोग को कम करने से संबंधित है। जहाँ ALAC ने दो व्यक्तियों को सदस्य, एक व्यक्ति को प्रतिभागी और एक को वैकल्पिक सदस्य के रूप में चुना है, वहीं अन्य व्यक्तियों के पास दर्शक बनने का मौका होता है। मतलब अगर आप किसी PDP में भाग लेना चाहते हैं, तो आप अपने RALO और ALAC के ज़रिए उसमें शामिल होने की प्रक्रिया शुरू करने के बाद आवेदन कर सकते हैं और उस PDP में दर्शक बनने का अनुरोध कर सकते हैं। मुझे उम्मीद है आपको अपने सवाल का जवाब मिल गया होगा। |

| | |
|---|---|
| सिरानुश वर्दान्यान | धन्यवाद, अब मुझे दिख रहा है कि हादिया ने हाथ उठाया है। हादिया, कृपया आगे बढ़िए। |
| हादिया एलमिनियावी | सभी को नमस्ते, मेरा नाम हादिया एलमिनियावी है, मैं AFRALO की अध्यक्ष हूँ। अवसरों और खुद को उनमें शामिल करने के तरीकों के बारे में बात करें, तो आप अपने RALO के ज़रिए उनमें आसानी से शामिल हो सकते हैं और अभी उसमें तुरंत शामिल होने का यही सबसे आसान तरीका है। मतलब हर RALO, जिनके लिए मैं अफ़्रीका के क्षेत्रीय At-Large संगठन की ओर से बोल रही हूँ। हम व्यक्तिगत सदस्यों और At-Large संरचनाओं दोनों को स्वीकार करते हैं। व्यक्तिगत सदस्य के तौर पर आपको वेबसाइट पर जाने और आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया जाता है, इसके बाद आप एक व्यक्तिगत सदस्य बन जाएँगे। |
| | व्यक्तिगत सदस्य के तौर पर आप मेलिंग सूची में शामिल हो जाते हैं, जिससे आप सभी चर्चाओं, सभी नीतिगत कामकाज और साथ ही OFB (ऑपरेशन, फ़ाइनेंस और बजट वर्किंग ग्रुप) में चल रहे कामकाज में भी शामिल हो जाते हैं। अगर आप चाहें, तो आप अभी से ही ऑपरेशन और फ़ाइनेंस बजट वर्किंग ग्रुप की मीटिंग के साथ-साथ कंसोलिडेटेड पॉलिसी वर्किंग ग्रुप की मीटिंग में भी शामिल हो सकते हैं। शुरुआत में आप सिर्फ दर्शक बने रह सकते हैं। अगर |

आपको लगे कि आप भाग लेने के काबिल हैं, तो आप सीधे भाग लेना शुरू कर सकते हैं।

इसमें सार्वजनिक कार्यवाही पर टिप्पणी करना भी शामिल होता है। नीति से संबंधित सार्वजनिक कार्यवाही पर कंसोलिडेटेड पॉलिसी वर्किंग ग्रुप की मीटिंग में चर्चा की जाती है और OFB वर्किंग ग्रुप में ऑपरेशन से जुड़े अन्य मुद्दों के बारे में चर्चा की जाती है। यह At-Large में फ़िलहाल चल रही सभी गतिविधियों के बारे में जानने का एक अच्छा तरीका होता है। इसलिए, मैं अफ़्रीका के शोधार्थियों को वेबसाइट पर जाने और सदस्य बनने के लिए आमंत्रित करती हूँ। धन्यवाद।

जोनाथन ज़क

धन्यवाद। मैं हादिया की कही एक बात को दोहराना चाहती हूँ, जो शायद आपको तुरंत समझ में नहीं आई होगी। At-Large समुदाय में हो रही महत्वपूर्ण चर्चाओं में भाग लेने के लिए आपको किसी भी संगठन का सदस्य होने की ज़रूरत नहीं है। जिन दो कॉल का सबसे अधिक उल्लेख किया जाता है, वे हैं: 'कंसोलिडेटेड पॉलिसी वर्किंग ग्रुप' तथा 'ऑपरेशन, फ़ाइनेंस और बजट वर्किंग ग्रुप'। ये ऐसी दो मुख्य कॉल हैं, जिनमें हम यह चर्चा करते हैं कि DNS पॉलिसी या ICANN ऑपरेशन के संबंध में हम आगे क्या करने वाले हैं।

ये दो अलग-अलग तरह की कॉल होती हैं। और इन कॉल में, कॉल में शामिल होते समय किसी की भी सदस्यता की जाँच नहीं की जाती; कोई भी व्यक्ति

बोल सकता है, हर कोई अपनी राय व्यक्त कर सकता है और जब हम लोगों की राय जानना चाहते हैं, तब हर कोई वोट कर सकता है। अंत में अंतिम निर्णय ALAC का ही होता है, लेकिन वे दरअसल इस ग्रुप पर बहुत निर्भर करते हैं, जो बहुत ही सरल और बिना पद व्यवस्था वाला ग्रुप है, ताकि वह ALAC को अपनी सिफ़ारिशें भेज सके। इसलिए, कहीं भी शामिल होने से पहले, कॉल में शामिल होकर देखें। और आप उन मेलिंग लिस्ट्स में शामिल हो सकते हैं, और कहीं का भी सदस्य बने बिना ही आप बोलना और यह सीखना शुरू कर सकते हैं कि हम क्या करते हैं।

सिरानुश वर्दान्यान

बिलकुल, धन्यवाद, जोनाथन। और एक वर्चुअल प्रतिभागी का एक प्रश्न है: "ALAC यह कैसे सुनिश्चित करता है कि DNS सुरक्षा से जुड़े जटिल तकनीकी मुद्दों को ऐसे चिंताओं में बदला जाए जो सामान्य इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के हित और भरोसे को दर्शाएँ?" यह एक बहुत ही दिलचस्प प्रश्न है जिस पर हम विचार कर सकते हैं। कौन-कौन जवाब देना चाहेगा?

जोनाथन ज़क

मुझे लगता है कि मैं इस पर पहला प्रयास कर सकता हूँ, क्योंकि समय कम है। यह एक जटिल सवाल है, लेकिन एक बात के लिए, हमारे पास उदाहरण के तौर पर SSAC में ALAC के प्रतिनिधि हैं, इसलिए हम SSAC के साथ लगातार संवाद में रहते हैं, और हमें DNSSEC से संबंधित विकसित हो रहे मुद्दों, ओपन सोर्स

सॉफ्टवेयर के प्रभावों, और DNS दुरुपयोग आदि से संबंधित लगातार अपडेट मिलते रहते हैं।

इसका दूसरा हिस्सा यह है कि हम At-Large के बाहर के लोगों को CPWG या OFB वर्किंग ग्रुप कॉल में बोलने के लिए आमंत्रित करते हैं, ताकि अगर कोई बात विशेष रूप से तकनीकी हो, तो हमें आवश्यकतानुसार ब्रीफिंग मिल सके। लेकिन मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब हम अंतिम उपयोगकर्ता के हितों के बारे में बात करते हैं, तो यह वास्तव में अंतिम उपयोगकर्ता के अनुभव के बारे में होता है, और इसलिए, अक्सर यह कोई अत्यधिक तकनीकी मुद्दा नहीं होता है। इसका संबंध इस बात से अधिक है कि कोई विशेष नीति अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए उनके कार्यों को करना आसान बनाएगी या कठिन।

ऑनलाइन बैंकिंग करना, होटल बुकिंग करना—ये सभी अंत-उपयोगकर्ता गतिविधियाँ हैं; इसी तरह की चीज़ों पर हम ध्यान केंद्रित करते हैं जब हम पॉलिसी मुद्दों में हस्तक्षेप करने का निर्णय लेते हैं। इसलिए, जब कोई तकनीकी जानकारी उपलब्ध होती है, तो हमें आवश्यक जानकारी मिल जाती है। लेकिन हम At-Large समुदाय के रूप में अत्यधिक तकनीकी चर्चाओं में खुद को शामिल करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। व्यक्तिगत तौर पर ऐसा होता है, लेकिन At-Large समुदाय के रूप में, यह जरूरी नहीं है कि हम इसे अपना कार्यक्षेत्र मानते हों।

| | |
|---|---|
| सिरानुश वर्दान्यान | धन्यवाद, और यह मेरा आखिरी प्रश्न है। कृपया आगे जाएं। |
| बर्नहार्ट फरास सुकंदर | नमस्ते सभी को, मैं बर्न हूँ, इंडोनेशिया, NextGen से। इसलिए, मैंने पिछले सेशन में भी यह सवाल पूछा था, लेकिन मुझे लगता है कि इसे पूछने के लिए यह सही सत्र है। मैं इंडोनेशिया से हूं, मैं सुंडानी मूल का इंडोनेशियाई हूं। इंडोनेशिया में सात सौ से अधिक भाषाएँ बोली जाती हैं। हमारे यहाँ हजारों जातीय समूह हैं, और शायद भारत और अन्य देशों में भी ऐसा ही हो। लेकिन इस तरह के ICANN फोरम में बोलने जैसा जो अनुभव साझा किया जा रहा है, यह एक सम्मान की बात है।<br><br>हर किसी को इस तरह का सम्मान नहीं मिल सकता और आपने पहले भी कहा था, सर, कि ICANN की दुनिया से जुड़ने के लिए आपको सदस्यता के लिए रजिस्टर करने की ज़रूरत नहीं है। लेकिन मेरी व्यक्तिगत राय में, और अगर मैं गलत हूँ तो कृपया सुधारें, अगर मैं सदस्य नहीं हूँ या यहाँ बोलने का मौका नहीं पा रहा हूँ, तो शायद मैं वास्तव में फॉलो अप नहीं कर पाऊँगा, न ही यह समझ पाऊँगा कि मैं क्या कह सकता हूँ या मेरी व्यक्तिगत शक्ति इसके बदलाव के लिए क्या है। अगर मैं यहाँ नहीं हूँ, तो मुझे ICANN के लाभ भी समझ नहीं आते। |

तो मौजूदा चरण और प्रगति के आधार पर, At-Large एडवाइजरी कमिटी की कौन-कौन सी पहलकदमियाँ और नीतियाँ हैं जो न केवल किसी देश का बल्कि व्यक्तिगत लोगों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए हैं; न केवल वंचितों का, बल्कि विभिन्न जातीयताओं वाले विशेषाधिकार प्राप्त लोगों का भी। मुझे पता है यह आसान नहीं है, लेकिन क्या आपके पास वहां जाने का कोई खाका या योजना है? क्योंकि इसमें AI और अन्य चीजें शामिल हैं, लेकिन क्या अभी तक कोई योजना बनी है? धन्यवाद।

जोनाथन ज़क

खैर, मुझे लगता है कि इसमें अच्छी खबर और बुरी खबर दोनों हैं। मेरा मानना है कि ICANN के लिए आधिकारिक भाषाओं, अनुवाद और इसी तरह की चीज़ों में, उदाहरण के तौर पर, संयुक्त राष्ट्र से आगे बढ़ने में अभी काफी समय लगेगा। तो मेरा मानना है कि हम धीरे-धीरे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का उपयोग दस्तावेज़ों के अनुवाद, कॉल्स के ट्रांसक्रिप्शन जैसी चीज़ों के लिए करने की कोशिश कर रहे हैं और ये टूल्स समय के साथ और अधिक परिष्कृत होंगे, और अंततः कई भाषाओं में समकालीन अनुवाद भी शामिल होगा, मेरा मानना है कि हम इन चीज़ों पर भरोसा करेंगे।

लेकिन आपके प्रश्न का पहला भाग, जो आपकी भागीदारी के बारे में है, उसका आपकी सदस्यता से कोई लेना-देना नहीं है। तो, हाँ, अगर आप किसी RALO द्वारा ALAC के सदस्य के रूप में नामांकित होना चाहते हैं, तो आपको उस

RALO का सदस्य होना आवश्यक है। यह बात बिल्कुल सही है। लेकिन अगर आप अभी शामिल होना चाहते हैं और At-Large समुदाय की पॉलिसी स्थितियों के विकास का हिस्सा बनना चाहते हैं, तो आप यह किसी भी संगठन से जुड़े बिना कर सकते हैं। यह इतना आसान है।

क्लेयर क्रैग

अगर मैं सदस्यता के बारे में आपकी बात में कुछ जोड़ना चाहूँ तो। जब मैं पहली बार ICANN में आया था, तब मैं किसी भी चीज का सदस्य नहीं था। मैं अपने RALO में शामिल नहीं था, और मैं At-Large में भी शामिल नहीं था। मैंने एक फैलोशिप के लिए आवेदन किया, मुझे फैलो के रूप में स्वीकार कर लिया गया और मैंने दो अन्य फैलोशिप के लिए आवेदन किया। जब मैं मेंटर बना, तब भी मैं किसी भी संगठन का सदस्य नहीं था। इसलिए मैं उनसे बस यही दोहराना चाहता था कि आप जो कह रहे हैं, वह सही है कि ICANN में शामिल होने के लिए आपको सदस्य होने की आवश्यकता नहीं है। एक बार जब आपको अपना विशिष्ट क्षेत्र मिल जाए, तो आप यह तय कर सकते हैं कि आप कहाँ शामिल होना चाहते हैं। तो बस शुरुआत करें, इसमें शामिल हों और सक्रिय होना शुरू करें, और फिर आप आगे बढ़कर तय कर सकते हैं कि आप कहाँ पहुँचना चाहते हैं।

नतालिया फीलिना

आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आपके सवाल के लिए धन्यवाद। मैं नतालिया हूँ, ALAC से, यूरोपीय क्षेत्र से, और जितना मैं समझती हूँ, आप भाषा की बाधा के बारे में भी चिंतित हैं, है न? अंग्रेज होने के नाते, मेरे लिए यह सदस्यता से ज्यादा प्रतिनिधित्व और भागीदारी के अवसर के बारे में है, जिससे मैं पूरी तरह सहमत हूं। मेरे देश में हम चेक भाषा बोलते हैं, जो अंग्रेजी से काफी अलग है। हालाँकि, आपको प्रोत्साहित करने के लिए या इस मुद्दे पर एक सकारात्मक पहलू दिखाने के लिए, वे At-Large संरचनाएँ जो उस क्षेत्र में काम कर रही हैं और RALO का हिस्सा बनती हैं, आमतौर पर चर्चाएँ अंग्रेज़ी में नहीं बल्कि उस क्षेत्र की स्थानीय भाषा में होती हैं, जो उस विशेष क्षेत्र के लिए उपयोगी और सबसे खुली होती है जहाँ संगठन काम कर रहा है।

तो इसका मतलब यह है कि आमतौर पर यह एक अच्छा संपर्क बिंदु होता है। आपके क्षेत्र में, आप ऐसे वातावरण में बोलते और काम करते हैं जो भाषा को भी ध्यान में रखता है, ताकि यह अधिक से अधिक लोगों के लिए सबसे उपयुक्त और सुविधाजनक हो। और फिर वहाँ प्रतिनिधि होता है, जो इन चीज़ों का अनुवाद करने में सक्षम होता है, लेकिन साथ ही इन मुद्दों को क्षेत्रीय स्तर पर उठाता है, और फिर यह धीरे-धीरे ऊपर की ओर जाता है, और अंततः इनमें से कुछ चर्चाएँ यहीं होती हैं। और साथ ही, कुछ खास क्षेत्रों के कुछ खास लोगों से जुड़े कुछ मुद्दे अंततः यहां भी अपनी जगह बना सकते हैं।

यह काफी लंबा सफर है, और इसीलिए हमें न केवल व्यक्तिगत सदस्यों को, बल्कि At-Large संरचनाओं को भी शामिल होने के लिए अधिक प्रोत्साहन की आवश्यकता है। यह वास्तव में उनके लिए अपने स्थानीय और विशिष्ट मुद्दों को वैश्विक स्तर पर सबके सामने रखने का एक अवसर है। तो मुझे उम्मीद है कि इससे आपके प्रश्न को और अधिक स्पष्टता मिलेगी। धन्यवाद, और इसके साथ ही, मैं At-Large के सहयोगियों को आमंत्रित करना चाहूँगा कि वे हमारे साथ नेटवर्किंग घंटे में शामिल हों, जहाँ फ़ेलो और NextGen सदस्य मौज़ूद होंगे। और At-Large के बारे में हमें बताने के लिए इस सत्र की मेजबानी करने के लिए धन्यवाद। और इसी के साथ यह बैठक स्थगित की जाती है। कल मिलते हैं!

**[ट्रांसक्रिप्शन यहां खत्म होता है]**